GEC KJR
Diary No 1242
Date 9/12/2020
DA
Supdt
SO
J.C (F&A)
PPL

निदेशालय तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण,
हिमाचल प्रदेश–सुन्दरनगर।

संख्या - एसटीवी(टीई) Gen.Scholarship/2019/Vol.II-8656-663 दिनांक 4/12/2020

सेवा में,

समस्त निदेशक एवं प्रधानाचार्य,
राजकीय अभियान्त्रिक / फार्मेसी कॉलेज,
हिमाचल प्रदेश।

विषय:– तकनीकी शिक्षा मे डिग्री कोर्स एवं मास्टर डिग्री कोर्स कर रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्रों, निर्धनता एवं मेधावी छात्रों को छात्रवृति प्रदान करने बारे।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय पर आपको सादर सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2020-21 मे हि०प्र० तकनीकी शिक्षा से सम्बन्धित छात्रवृति के आवेदन पत्र प्रधानाचार्य के पास दिनाक 20/12/2020 तक ऑफलाईन ही प्राप्त किए जाने है।

अतः आपको परामर्श दिया जाता है कि तकनीकी शिक्षा मे मास्टर डिग्री/ डिग्री कोर्स /फार्मेसी व आर्कीटैक्ट असिस्टैंट शिप मे चार वर्षीय, पांच वर्षीय कोर्स कर रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं सामान्य श्रेणी, के निर्धन एवं मेधावी छात्रों से तकनीकी शिक्षा छात्रवृति नवीन एवं नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र, निर्धारित प्रपत्र पर जो कि विभाग की **Website** पर उपलब्ध है, अनुलग्नको सहित प्राप्त कर, कमेटी द्वारा इन आवेदन पत्रो की जाच पड़ताल करके सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी इस निदेशालय को दिनाक 31/12/2020 से पहले-2 उपलब्ध करवानी होगी, ताकि मैरिट बनाकर छात्रवृति का आबंटन नियमानुसार एवं उपलब्ध छात्रवृति संख्या के आधार पर पात्र आवेदकों को किया जा सके। इस तिथि मे कोई भी बदलाव नही किया जाएगा। वर्ष 2019-20 मे आपके द्वारा प्रपत्र मे दर्शाए डाटा मे बहुत त्रुटिया पायी गई है जिस कारण छात्रो को छात्रवृति समय पर आबंटित नही हो पा रही है। इस वर्ष इन त्रुटियो का विशेष ध्यान रखे ताकि छात्रवृति आबंटित करते समय किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस प्रपत्र मे किसी भी प्रकार के **special character ( space ,'*.!@#%`~)** का प्रयोग वर्जित है।

| Full Name in English | Father Name | Name of Institution | Class / course | Fresh/Lateral<br>Renewal | Gender F/M | Address | District | State | Country | Bank Name | IFSC Code | Account Number | UID/E ID | Pin code |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | with result | | | | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |

| Category | % of Mark | Date of admission | S/ship Amount | Duration of course(diploma/Degree) | Remarks | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | | | | | | | | | |

नोट:– Gender (column no.06) मे F/M को ही प्रयोग करें तथा खाता सं0 स्पष्ट दर्शाया जाए। इस प्रपत्र मे किसी भी प्रकार के **special character (,'*.!@#%`~)** का प्रयोग वर्जित है।

# दस्तावेजों की आवश्यकता:-

1) हिमाचली प्रमाण पत्र।(हिमाचल प्रदेश का मूल निवासी)
2) अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र, जो भी लागू हो उसकी प्रति सक्षम अधिकारी से प्राप्त करके साथ संलग्न करें।
3) निर्धनता एव मेधावी छात्रवृति हेतु आय प्रमाण पत्र।
4) मास्टर डिग्री/डिग्री कर रहे आवेदको को योग्यता प्रमाण पत्र मैट्रिक, +2, डिप्लोमा व सहायक प्रमाण पत्र की प्रति साथ लगानी होगी।
5) बैंक का नाम व स्थान, आवेदक का बैंक खाता संख्या एव IFSC Code.
6) आवेदक का आधार नम्बर।
7) छात्रवृति नवीनीकरण हेतु डिग्री एव मास्टर डिग्री स्तर के आवेदको को अपने प्रथम-द्वितीय, तृतीय-चतुर्थ, पंचम-षष्ट, सप्तम-अष्टम, नवम-दशम सैमैस्टरों के पास प्रमाण पत्र जो कि उनके गतवर्ष के परिणाम से सम्बन्धित हो को साथ लगाना अनिवार्य होगा ताकि उनकी छात्रवृति का नवीनीकरण नियमानुसार किया जा सके।

नोट:– छात्रवृति हेतु आवेदन फार्म तकनीकी शिक्षा विभाग की Website **techeduhp.gov.in** पर उपलब्ध है।

(हस्ताक्षर)

निदेशक तकनीकी शिक्षा
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
हिमाचल प्रदेश सुन्दरनगर।